# दि चिल्ड्रनर्स इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन

## बच्चों के जीवन में सुधार लाने पर केंद्रित दुनिया का सबसे बड़ा लोकोपकार

### चिल्ड्रनर्स इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन के बारे में

4.4 अरब डॉलर की अक्षय निधि के साथ, हम आज और भविष्य में बच्चों के जीने और फलने–फूलने के लिए साहसी विचारों का समर्थन करते हैं। हम मानते हैं कि बच्चों में निवेश में, बड़े सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को आरंभ करने की शक्ति होती है। कार्य क्षेत्रों में बच्चों और किशोरों का स्वास्थ्य और पोषण, बाल संरक्षण, आरंभिक शिक्षा और जलवायु परिवर्तन को धीमा करने और रोकने के लिए स्मार्ट तरीके शामिल हैं।

फाउंडेशन की स्थापना 2004 में की गई थी और परोपकारी निधीयन के लिए यह एक सख्त व्यवसायिक दृष्टिकोण का पालन करता है। लंदन, नैरोबी, और नई दिल्ली में कार्यालयों के साथ, चिल्ड्रनर्स इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन सरकारों, गैर सरकारी संगठनों, अन्य परोपकारी संस्थाओं, कारोबारों और अन्य लोगों सहित अलग–अलग सहयोगियों के साथ काम करता है।

सहभागिताएँ महत्वपूर्ण हैं क्योंकि बहुत से बच्चों, उनके परिवारों और उनके समुदायों को पेश आ रही रोजमर्रा की चुनौतियों से निपटने के लिए कई लोगों के संयुक्त प्रयास की ज़रूरत है। कार्यक्रमों को तकनीकी विशेषज्ञता और एक प्रमाण आधारित विशिष्ट तरीके के साथ, मूल्य जोड़ते हुए ज़मीनी स्तर पर विचारों और नेतृत्व को बढ़ाने के लिए तैयार किया जाता है।

### भारत में चिल्ड्रनर्स इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन

भारत में, चिल्ड्रनर्स इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन के पास अलग–अलग मुद्दों पर सक्रिय बहु–वर्षीय अनुदान का पोर्टफोलियो है।

इसमें भारत सरकार के महत्वाकांक्षी स्कूल आधारित कृमिहरण कार्यक्रम के लिए तकनीकी सहायता शामिल है। दवा द्वारा बच्चों के इलाज से उनके शरीर में कीड़ों की संख्या में तेजी से कमी दिखाई दी है। यह संक्रमित बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और संज्ञानात्मक क्षमताओं पर कीड़ो के नकारात्मक प्रभाव को रोकती है।

हम जानते हैं कि शुरुआती अनुभव एक बच्चे के दिमाग और शरीर के विकास पर एक बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं। भारत भर में बच्चे गली गली सिम सिम नियमित रूप से देखते हैं। कहानियों और संगीत के साथ आरंभिक शिक्षा को टीवी पर लाने का यह एक प्रभावशाली तरीका है। चिल्ड्रनर्स इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन की वित्तीय सहायता सहज ज्ञान, सामाजिक, स्वास्थ्य और स्वच्छता कौशल को बढ़ाने वाली विषयवस्तु तैयार करने मे मदद करती है। यह कार्यक्रम सात भाषाओं – हिन्दी, गुजराती, मराठी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम – में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित होता है।

राजस्थान में, बच्चों और किशोरों के लिए कई उत्साहपूर्ण निवेशों को समर्थन देने के लिए चिल्ड्रनर्स इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन की राज्य सरकार के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) है। इसमें भारत के पहले सरकारी नेतृत्व वाले अत्यधिक कुपोषण कार्यक्रम के सामुदायिक प्रबंधन को समर्थन के लिए अनुदान देना शामिल है। यह कार्यक्रम, जिसे सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के माध्यम से प्रदान किया जाएगा, सभी जिलों में कम से कम 25,000 अत्यधिक कुपोषित बच्चों तक पहुँचेगा। यह कार्यक्रम इस उद्देश्य से है कि सरकार इस कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर ले जाएगी।

एक और अनुदान राजस्थान के प्रसव कक्षों में बाल मृत्यु दर में उल्लेखनीय अंतर ला रहा है जिसका श्रेय सुरक्षित प्रसव चेकलिस्ट की शुरूआत को जाता है। यह सरल, कागज आधारित उपकरण, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को जन्मपूर्व, जन्म के दौरान और जन्म–पश्चात 29 आवश्यक कार्यों का संकेत देता है। इस से प्रसवकालीन मृत्यु दर में गिरावट और बड़ा सुधार आया है। भारत सरकार चेकलिस्ट को राष्ट्रीय स्तर पर अपना रही है।

जलवायु सुरक्षित भविष्य प्रदान करने का वादा ग्रह के संसाधनों के स्मार्ट प्रबंधन के साथ–साथ आज साफ हवा, ऊर्जा सुरक्षा और स्थायी नौकरियों जैसे कई लाभों की संभावना देता है।

सीआईएफएफ और सहयोगियों ने एयर कंडीशनरों की ऊर्जा प्रभावशीलता बढ़ाने के साथ–साथ हाइड्राफ्लूरोकार्बन नामक सुपर–प्रदूषणकारी ठंडा करने वाले पदार्थ को धीरे–धीरे कम करने के लिए भारत और चीन सहित दुनिया भर की सरकारों और उद्योगों की मदद करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम को इकट्ठा किया है।

अंत में, सीआईएफएफ का सबसे नया कार्य बच्चों की गुलामी और व्यापारिक यौन शोषण के अभिशाप को खत्म करने पर केंद्रित है। हमारी कार्यप्रणाली है इस संकट के बारे में विशेष रूप से बच्चों की आवाज़ को बढ़ावा देकर जागरूकता फैलाना। हम स्थानीय क्षमता निर्माण और जवाबदेही बढ़ाने; ज़मीनी स्तर की संस्थाओं का मार्गदर्शन और उच्च प्रभाव वाले हस्तक्षेपों को बढ़ाने में समर्थन के लिए गठबंधन बनाने; और क्या कारगर रहा है और क्या नहीं उसका दस्तावेजीकरण और प्रमाण साझा करने के लिए सरकारों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। लक्ष्य है उन लोगों की दण्ड से मुक्ति को खत्म करना जो बच्चों को गुलाम बनाते हैं और बलात्कार करते हैं।



## हर बच्चा जीने और कामयाब होने का हकदार है

# भारत में चिल्ड्रनर्स इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन के सहयोगी

अधिक जानने के लिए, ciff.org/programmes देखें

### भारत का राष्ट्रीय कृमिहरण कार्यक्रम
सहयोगी : प्रमाणिक कार्य इंडिया प्राइवेट लिमिटेड /साक्ष्य कार्यवाही
एक प्रमाण आधारित, राष्ट्रीय स्तर पर अनिवार्य कृमिहरण कार्यक्रम जो कम से कम 75 प्रतिशत बच्चों तक पहुँचता है उसे सफलतापूर्वक लागू करने में भारत सरकार का समर्थन करना।

### हाथ धोने में सुधार के माध्यम से बिहार में बाल मृत्यु दर को कम करना
सहयोगी : भविष्य अलाएन्स चाइल्ड न्यूट्रीशन इनीशिएटिव/हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड
साबुन से हाथ धोने के माध्यम से बिहार में रोगों और बाल मृत्यु दर को कम करना।

### शिक्षा विकास प्रभाव बॉण्ड
सहयोगी : एड्यूकेट गर्ल्स /यूएसबी ऑप्टिमस फाउंडेशन / इन्सटिगलिओ
राजस्थान में लड़कियों की शिक्षा का समर्थन करना और दिखाना कि एक विकास प्रभाव बाण्ड वित्तीय सहायता देने और क्या सीखा बताने के लिए परिणाम आधारित व्यवहारिक संरचना है।

### वतानुकूलन (एयर कंडीशनिंग) का भविष्य
सहयोगी : इंस्टीट्यूट फॉर गवर्नेन्स एण्ड सस्टेनेबल डिवेलपमेंट
भारत और चीन में एयर कंडीशनरों की प्रभावशीलता में सुधार के द्वारा जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए।

### भारत में शहरी बच्चों के बेहतर आरंभिक शिक्षा के लिए
सहयोगी : एफएसजी इंडिया
निजी क्षेत्र के कम लागत वाले शिक्षा प्रचालकों को गुणवत्तापूर्ण आरंभिक शिक्षा कार्यक्रमों में मदद करने के लिए।

### पोषण – अत्यधिक कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए भारत का पहला सरकारी नेतृत्व कार्यक्रम
सहयोगी : ग्लोबल अलाएन्स फॉर इम्प्रूव्ड न्यूट्रीशन (जीएआईएन)
सभी जिलों में कम से कम 25,000 बच्चों तक पहुँच वाला भारत का पहला सरकारी नेतृत्व वाला अत्यधिक कुपोषित बच्चों का उपचार कार्यक्रम स्थापित करने के लिए।

### पोषण परिणामों के लिए अनुकूल वातावरण बनाना
सहयोगी : अंतरा फाउंडेशन /वर्ल्ड बैंक मल्टी–डोनर ट्रस्ट फंड
भारत सरकार द्वारा और विशेष रूप से राजस्थान में पोषण कार्यवाहियों की ओर अधिक जवाबदेही और प्रतिबद्धता में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए ।

### भारत और दुनिया भर में बाल दासता समाप्त करने के लिए संघर्ष
सहयोगी : फ्रीडम फंड
अधिक बाल दासता वाले क्षेत्रों में बाल दासता विरोधी समुदाय को मज़बूत करने के लिए कर्ताओं और संसाधनों का समर्थन और समन्वय करने के लिए।



### सुरक्षित प्रसव चेकलिस्ट
सहयोगी : जेएचपीगो/फीगो (Jhpiego)
स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के कार्यों को बेहतर बनाने और नवजात शिशु में होने वाली मौतों को कम करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की सुरक्षित प्रसव चेकलिस्ट प्रयोग बढ़ाना।

### गली गली सिम सिम
सहयोगी : सेसमि वर्कशॉप इंडिया
भारत में 13 लाख बच्चों के कौशल को बेहतर बनाने वाले एक बच्चों के टेलीविजन कार्यक्रम का समर्थन करने के लिए।

### भारत सुरक्षित देखभाल, जीवन बचाना
सहयोगी : ऐक्सेस हेल्थ इंटरनेशनल
भारत में स्वास्थ्य केंन्द्रों में देखभाल की गुणवत्ता में सुधार, और आँध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से मातृ एवं नवजात जीवन बचाने के लिए।

### शिक्षण और कार्यवाही समूहों का सहजीकरण
सहयोगी : एकजुट
झारखंड राज्य में सभी ग्रामीण क्षेत्रों में महिला समूहों में सहभागितापूर्ण शिक्षण और कार्यवाही को बढ़ाने के लिए।

### बाल दासता और बलात्कार के खिलाफ प्रेरित कार्यवाही
सहयोगी : बचपन बचाओ आंदोलन
जल्दी और निष्पक्ष न्याय प्रदानगी सुनिश्चित करने द्वारा उन लागों के खिलाफ मज़बूत कानूनी और आर्थिक बाधा पैदा करना जो बच्चों को गुलाम बनाते हैं और बलात्कार करते हैं।

### भारत का प्रारंभिक शिक्षा देशातरीय (लॉन्गीट्यूडनल) अध्ययन
सहयोगी : अंबेडकर यूनिवर्सिटी / सेंटर फॉर चाइल्डहुड एड्यूकेशन एण्ड डिवेलपमेंट
प्रवृत्तियों, दक्षता, हस्तक्षेप प्रभावशीलता, और चार – पाँच वर्ष के बच्चों के लिए कार्यक्रमों की स्थिरता पर आँकड़े प्रदान करने के लिए।

### पोषण नीतियों और व्यय के लिए निगरानी और जवाबदेही
सहयोगी : रिजल्ट्स् फॉर डिवेलपमेंट / इंस्टीट्यूट फॉर डिवेलपमेंट
राजस्थान में पोषण नीति प्रदानगी को बेहतर बनाने और प्रभावी घरेलू और दानदाता फंडिग का लाभ उठाने के लिए।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदानगी में सरकारों की सहायता
सहयोगी : आर्क / दि एड्यूकेशन अलाएन्स
हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए विकासशील देशों में सरकारों को सरकारी और गैर सरकारी कर्ताओं के साथ जोड़ने में सहायता करना।

## हर बच्चा जीने और कामयाब होने का हकदार है

CHILDREN'S INVESTMENT FUND FOUNDATION

CIFF.ORG